# ई-रोज़गार

## उपयोगकर्ता पुस्तिका

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

## संशोधन लॉग

| संस्करण संख्या | तारीख | परिवर्तन संख्या | संक्षिप्त विवरण | अनुभाग बदला गया |
|---|---|---|---|---|
| **1.0** | **01-09-2024** | **-** | पहली विज्ञप्ति | |
| **1.1** | **30-01-2025** | **2** | दूसरी विज्ञप्ति | **2.1, 2.2** |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## विषयसूची


**1** परिचय **4**

लॉग इन

**1.1** लॉगइन कैसे करें **6**
**1.2** रोज़गार इच्छुक लॉगिन के लिए स्वागत स्क्रीन **8**

नेविगेशन मेनू बार

*लिंक 1* डैशबोर्ड **9**
*लिंक 2.1* "पंजीयन" - पंजीयन सुधारे विकल्प **10**
*लिंक 2.2* "पंजीयन" - केवल योग्यता सुधारें **11**
*लिंक 2.3* "पंजीयन" – पंजीयन विवरण देखे (प्रीव्यू) विकल्प **12**
*लिंक 2.4* "पंजीयन" – पंजीयन पहचान पत्र देखे (x-10) विकल्प **13**
*लिंक 3* नवीनीकरण विकल्प **14**
*लिंक 4* फीडबैक विकल्प **15**
*लिंक 5.1* अकाउंट – प्रोफ़ाइल फ़ोटो बदलें विकल्प **16**
*लिंक 5.2* अकाउंट – प्रोफ़ाइल पासवर्ड विकल्प **17**
*लिंक 5.2* अकाउंट – आधार नंबर बदले विकल्प **18**

नेविगेशन मेनू बटन

*लिंक 1* प्रोफ़ाइल पासवर्ड विकल्प **19**
*लिंक 2* लॉग आउट **19**

**2** पंजीयन **20**
**2.1** पंजीकरण (नवीन) **21**
**2.2** पंजीकरण (अपडेट) **25**

**3** नवीनीकरण **30**

# 1. परिचय

रोजगार सेवा संगठन, रोजगार इच्छुकों को रोजगार सहायता उपलब्ध कराता है। रोजगार सेवा, मुक्त सेवा है और की गई सेवाओं के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इस हेतु मैदानी स्तर पर 33 जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र समस्त जिलों में कार्यरत हैं एवं 1 विशेष रोजगार कार्यालय (निःशक्तनों हेतु), रायपुर में स्थापित है। साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति के आवेदकों के लिये प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन हेतु विशेष कार्यालय जगदलपुर में अध्यापन सह मार्गदर्शन केन्द्र के रुप में स्थापित है। CNV ACT 1959 के प्रावधानों को लागू करने के लिये प्रदेश में इसी प्रयोजन के लिये प्रवर्तन कक्ष भी स्थापित है। इस वेबसाइट से रोजगार इच्छुक आवेदक रोजगार सेवा जैसे पंजीयन, नवीनीकरण एवं योग्यता वृध्दि का लाभ ले सकते हैं एवं नियोजक अपनी विवरणियों की प्रस्तुति तथा अपने संस्थान के रिक्तियों की जानकारी इस वेबसाइट के सेवाएँ अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण लिंक अथवा वेबसाइट **https://erojgar.cg.gov.in/** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

## लॉग इन

### 1.1 लॉग इन कैसे करें

सुनिश्चित करें की कंप्यूटर/लैपटॉप/स्मार्टफोन इंटरनेट से कनेक्ट हों

किसी भी इंटरनेट ब्राउज़र के एड्रेस बार में **https://erojgar.cg.gov.in/** दर्ज करके आगे बढ़ें।


**स्क्रीन 1**




अब, "रोज़गार इच्छुक लॉग इन" पर क्लिक करें
यह पहली स्क्रीन पर ले जाएगा, जो रोज़गार इच्छुक लॉग इन स्क्रीन है (स्क्रीनशॉट देखें)।

स्क्रीन 2

रोज़गार इच्छुक लॉग इन





इस स्क्रीन में तीन फ़ील्ड रोज़गार इच्छुक यूजर आईडी , पासवर्ड और कैप्चा हैं। यह उन लोगों के लिए है जिन्होंने पहले ही पंजीकरण करा लिया है और जिनके पास यूजरआईडी/मोबाइल नंबर और पासवर्ड है। सभी फील्ड अनिवार्य हैं। इन फ़ील्ड को भरकर और **"लॉग इन करे"** पर क्लिक करके रोज़गार इच्छुक **ई-रोजगार** एप्लिकेशन में लॉग इन कर सकता है। यदि रोज़गार इच्छुक अपने **यूजरआईडी/मोबाइल नंबर, पासवर्ड, कैप्चा** द्वारा लॉग इन करता है और वह वैध/पंजीकृत रोज़गार इच्छुक है तो उसे **"स्वागत स्क्रीन"** पर पुनः निर्देशित किया जाएगा अन्यथा उसे वापस इसी लॉग इन स्क्रीन पर ले जाया जाएगा।

इसका उद्देश्य रोजगार इच्छुक, नियोक्ता और रोजगार विनिमय अधिकारियों को सुविधा प्रदान करना भी है। **"यहां रजिस्टर करें"** रोज़गार इच्छुक के लिए पंजीकरण की अनुमति देता है, सफल पंजीकरण के बाद रोज़गार इच्छुक को यूजरआईडी/मोबाइल नंबर और पासवर्ड एस.एम्.एस द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## 1.2 रोज़गार इच्छुक लॉगिन के लिए स्वागत स्क्रीन:

रोज़गार इच्छुक द्वारा यूजर आईडी/मोबाइल नंबर और पासवर्ड दर्ज करने पर यह स्वागत स्क्रीन होगी, जो सबसे पहले दिखाई देगी।

**स्क्रीन 3**




स्क्रीन 3 पंजीकृत रोज़गार इच्छुक को उनके डैशबोर्ड, नेविगेशन मेनू बटन और नेविगेशन मेनू बार के बारे में विवरण दिखाता है जिसमें स्वागत स्क्रीन पर विभिन्न मेनू शामिल हैं।

नेविगेशन मेनू बार में निम्नलिखित लिंक हैं:

लिंक 1 डैशबोर्ड

लिंक 2 पंजीयन
- पंजीयन सुधारे
- पंजीयन विचरण देखे
- पहचान पत्र (X-10) देखें

लिंक 3 पंजीकरण नवीनीकरण

लिंक 4 फीडबैक

लिंक 5 अकाउंट
- प्रोफ़ाइल फ़ोटो बदलें
- प्रोफ़ाइल पासवर्ड बदलें
- आधार नंबर बदले

नेविगेशन मेनू बटन में निम्नलिखित लिंक हैं:


लिंक 1 प्रोफ़ाइल पासवर्ड बदलें

लिंक 2 लॉग आउट करें

## नेविगेशन मेनू बार

### लिंक 1 डैशबोर्ड


**स्क्रीन 4**




स्क्रीन 4 स्वागत स्क्रीन पर रोजगार इच्छुक को अपना पंजीयन क्रमांक, पंजीयन समाप्ति तिथि, पंजीयन नवीनीकरण अवधि और डायरेक्टरेट एवं जिलों द्वारा दिये गये आगामी रिक्तियों के बारे में पंजीकृत रोजगार इच्छुक को विवरण दिखता है।

## लिंक 2.1 "पंजीयन" – पंजीयन सुधारे विकल्प

### स्क्रीन 4





**स्क्रीन 4** इसमें पंजीकृत रोजगार इच्छुक के पंजीकरण को सुधार करने के लिए पेज शामिल है।

**नोट: पंजीयन सुधार फॉर्म ध्यानपूर्वक भरें केवल वही सुधार करे जिसकी आवश्यकता हो।**

## लिंक 2.2 "पंजीयन" – केवल योग्यता सुधारें विकल्प

**स्क्रीन 4.1**





**स्क्रीन 4.1** इसमें पंजीकृत रोजगार इच्छुक के पंजीकरण में केवल योग्यता के सुधार करने के लिए पेज शामिल है। रोजगार इच्छुक अपने नवीन योग्यता को अपने पंजीयन में सम्मिलित कर सकते हैं, एवं किसी एक योग्यता को अपनी मुख्य योग्यता चुन सकते हैं।

नोट: रोजगार इच्छुक अपने पंजीयन में अधिकतम 5 योग्यता दर्ज करके रख सकते है। 5 से अधिक योग्यता होने के परिस्तिथि में रोजगार इच्छुक अपने पंजीयन से किसी पूर्व योग्यता को हटा कर दूसरी नवीन योग्यता उस जगह रख सकते हैं।

लिंक **2.3 "पंजीयन" – पंजीयन विवरण देखे (प्रीव्यू)** विकल्प


**स्क्रीन 5**




**स्क्रीन 5** वर्तमान पंजीकृत रोजगार इच्छुक के पंजीकरण विवरण का पूर्वावलोकन (प्रीव्यू) करने के लिए पेज शामिल है।

लिंक **2.4** "पंजीयन" – पंजीयन पहचान पत्र देखे **(x-10)** विकल्प

**स्क्रीन 6**




**स्क्रीन 6** वर्तमान में पंजीकृत रोजगार इच्छुक को पहचान पत्र **(x-10)** का पूर्वावलोकन करने और **x-10** पीडीएफ डाउनलोड बटन डाउनलोड करने के लिए पेज शामिल है।

लिंक 3 नवीनीकरण विकल्प


स्क्रीन **7**




**स्क्रीन 7** पंजीकृत रोजगार इच्छुक की नवीनीकरण स्थिति देखने के लिए पेज शामिल है।

लिंक 4 फीडबैक विकल्प


स्क्रीन **8**





स्क्रीन **8** विभाग को पंजीकृत रोजगार इच्छुक की प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए पेज शामिल है। अपने व्यक्तिगत अनुभव को बहुत खराब से उत्कृष्ट तक के संबंध में उपरोक्त **"विकल्पों"** में से अपनी पसंद के उचित उत्तर चुनकर प्रतिक्रिया प्रदान करना, और उपयोगकर्ता उपरोक्त **"टेक्स्ट बॉक्स एरिया"** में कोई सुझाव/प्रतिक्रिया या फीचर अनुरोध भी लिख सकता है और **सबमिट करे बटन** क्लिक करके सबमिट कर सकता है।

लिंक 5.1 अकाउंट – प्रोफ़ाइल फ़ोटो बदलें विकल्प

स्क्रीन 9





**स्क्रीन 9** इसमें **"फ़ाइल चुनें" (Choose File)** पर क्लिक करने पर पंजीकृत रोजगार इच्छुक की प्रोफ़ाइल फ़ोटो बदलने वाला पेज शामिल होगा, वहां एक विंडो खुलेगी




इसे चुनने के लिए **ओपन (Open)** पर क्लिक करें। इसके बाद फोटो सेलेक्ट हो जाएगी.

**ध्यान दें:** चयनित फोटो का आकार **25KB** से कम होना चाहिए।




अपलोड के लिए " **फोटो अपलोड करे** " बटन पर क्लिक करें।

लिंक 5.2 अकाउंट – **प्रोफ़ाइल पासवर्ड** विकल्प


स्क्रीन **10**




**स्क्रीन 10** इसमें नया पासवर्ड **प्रदान** करके पंजीकृत रोजगार इच्छुक का **प्रोफ़ाइल पासवर्ड बदलना** और **पासवर्ड परिवर्तन की पुष्टि** करने के लिए **वर्तमान पासवर्ड** एवं नए पासवर्ड इनपुट की पुष्टि करना शामिल है, उपयोगकर्ता को **"आगे बढ़ें"** बटन पर क्लिक करना होगा।

लिंक 5.3 अकाउंट – आधार नंबर बदले विकल्प


स्क्रीन **11**




**स्क्रीन 11** आधार नंबर बदलने के लिए रोजगार इच्छुक को अपना **आधार नंबर** दर्ज करना होगा अथवा *आधार प्रमाणीकरण सहमति* में **चेक** लगाना होगा, इसके पश्चात उसे **आधार ओ.टी.पी. भेजे** में क्लिक करना होगा। **ओ.टी.पी. a**आपके आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा वह **ओ.टी.पी.** को दर्ज करके **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित करे** में क्लिक करना होगा। **आधार ओ.टी.पी.** सफलतापूर्वक सत्यापित होने के पश्चात **आधार नंबर बदले** में क्लिक करे आपका आधार नंबर आपके रोजगार पंजीयन क्रमांक के लिए बदला जायेगा।

## नेविगेशन मेनू बटन


स्क्रीन **12**




**स्क्रीन 12** इसमें नेविगेशन मेनू बटन होता है जिसमें दो लिंक होते हैं एक **पासवर्ड बदलने** के लिए है जो पहले से ही अकाउंट सेक्शन के तहत बाईं ओर नेविगेशन मेनू बार में प्रदान किया गया है, इस पर क्लिक करने से उपयोगकर्ता पासवर्ड बदलने वाले पेज पर चला जाएगा और दूसरा **लॉग आउट** बटन है जिस पर क्लिक करके उपयोगकर्ता वर्तमान सत्र से लॉग आउट की पुष्टि करने या लॉग आउट प्रक्रिया को रद्द करने और वर्तमान सत्र पर काम जारी रखने के लिए हैं।

# 2. पंजीयन

स्क्रीन 1




स्क्रीन 1 यह रोजगार इछुच्क लॉग इन स्क्रीन हैं पंजीयन करने हेतु **यहाँ रजिस्टर करें** पर क्लिक करे।

स्क्रीन 2




**यहाँ रजिस्टर करें** पर क्लिक करने के पश्चात **स्क्रीन 2** खुलेगा जो की रोजगार इच्छुक के लिए नवीन पंजीयन या पूर्व में पंजीकृत रोजगार इच्छुक को नए पोर्टल अनुसार अपना पंजीयन अपडेट करने की सुविधा प्रदान किया गया हैं।


## 2.1 पंजीकरण (नवीन)

स्क्रीन 2





स्क्रीन 2 नवीन पंजीयन करने हेतु **नवीन पंजीयन** बटन पर क्लिक करें।

स्क्रीन 3





स्क्रीन 3 **नवीन पंजीयन** करने हेतु अपना **मोबाइल नंबर** दर्ज करें फिर **मोबाइल ओ.टी.पी. भेंजे** पर क्लिक करें, दर्ज किये मोबाइल नंबर पर **ओ.टी.पी.** आएगा, **ओ.टी.पी.** दर्ज करके **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करें,

स्क्रीन **4**





स्क्रीन **4** **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करने के पश्चात, **रोजगार इच्छुक अपना आधार नंबर** दर्ज करे, **आधार अनुसार अपना पूरा नाम**, *आधार प्रमाणीकरण सहमति* दर्ज कर **आधार ओ.टी.पी. भेजें** पर क्लिक करें, आपके आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आपका आधार **ओ.टी.पी.** प्राप्त होगा, **ओ.टी.पी.** को दर्ज करे फिर **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करें। **आधार ओ.टी.पी.** सत्यापित होने के पश्चात स्क्रीन **4** पर पंजीयन फॉर्म खुलेगा

स्क्रीन 5




स्क्रीन **5** रोजगार इच्छुक उपरोक्त सभी जानकारी दर्ज करे, (*) स्थान अनिवार्य रूप से भरना हैं, जानकारी पूर्ण रूप से भरने व सुनिश्चित करने के पश्चात घोषणापत्र पढ़ कर *सहमति* प्रदान करके सुरक्षित करे पर क्लिक करें।

स्क्रीन 6




स्क्रीन 5 **सुरक्षित** करे पर क्लिक करने के पश्चात स्क्रीन पर पंजीयन सफलतापूर्वक सुरक्षित होने का मेसेज जिसमे पंजीयन क्रमांक अथवा रोजगार इच्छुक को अपना यूजर आई डी एवं पासवर्ड एस.एम्.एस. द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगा। रोजगार इच्छुक यूजर आई डी एवं पासवर्ड द्वारा अपना पंजीयन लॉग इन कर देख सकेगा।


## 2. 2 पंजीकरण (अपडेट)

स्क्रीन 1





यदि रोजगार इच्छुक का पुराने पोर्टल द्वारा बनाया गया जीवित पंजीयन क्रमांक उपलब्द हैं और उसे नए पोर्टल में अपना पंजीयन क्रमांक को अपडेट करना हो तो अपना **पुराना पंजीयन क्रमांक** (CTxxxxxxxxxxxx) प्रारूप में दर्ज करके **विवरण प्राप्त करे** बटन पर क्लिक करें।

स्क्रीन 2




स्क्रीन 2 **विवरण** प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित करे की वह आपका ही पंजीयन विवरण है या नहीं, सुनिश्चित हो कर **अपडेट** बटन पर क्लिक करें।

स्क्रीन 3





स्क्रीन 3 **पंजीयन अपडेट** करने हेतु अपना **मोबाइल नंबर** दर्ज करें फिर **मोबाइल ओ.टी.पी. भेंजे** पर क्लिक करें, दर्ज किये मोबाइल नंबर पर **ओ.टी.पी.** आएगा, **ओ.टी.पी.** दर्ज करके **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करें,

स्क्रीन 4





स्क्रीन 4 **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करने के पश्चात, रोजगार इच्छुक अपना **आधार नंबर** दर्ज करे, **आधार अनुसार अपना पूरा नाम**, *आधार प्रमाणीकरण सहमति* दर्ज कर **आधार ओ.टी.पी. भेजें** पर क्लिक करें, आपके आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आपका आधार **ओ.टी.पी.** प्राप्त होगा, **ओ.टी.पी.** को दर्ज करे फिर **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करें। **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित** होने के पश्चात स्क्रीन 4 पर पंजीयन अपडेट फॉर्म खुलेगा

स्क्रीन 5




स्क्रीन 5 रोजगार इच्छुक उपरोक्त सभी जानकारी दर्ज करे, (*) स्थान अनिवार्य रूप से भरना हैं, जानकारी पूर्ण रूप से भरने व सुनिश्चित करने के पश्चात घोषणापत्र पढ़ कर *सहमति* प्रदान करके अपना पंजीयन **सुरक्षित करे** पर क्लिक करें।

स्क्रीन **6**




स्क्रीन **6** **सुरक्षित करे** पर क्लिक करने के पश्चात स्क्रीन पर पंजीयन सफलतापूर्वक सुरक्षित होने का मेसेज आएगा जिसमे रोजगार इच्छुक को अपना पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा अथवा अपना यूजर आई डी एवं पासवर्ड एस.एम्.एस. द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगा। रोजगार इच्छुक यूजर आई डी एवं पासवर्ड द्वारा अपना पंजीयन लॉग इन कर देख सकेगा।


# 3. नवीनीकरण

स्क्रीन 1




स्क्रीन 1 यदि आपका पंजीयन क्रमांक नवीनीकरण के लिए पात्र हैं तो **नवीनीकरण मेनू** में क्लिक करे उसके पश्चात स्क्रीन 2 आएगा।

स्क्रीन 2





स्क्रीन 2 यहाँ अपना पुराना **पंजीयन क्रमांक दर्ज** करें और **विवरण प्राप्त करे** पर क्लिक करे, यदि आपका पंजीयन क्रमांक नवीनीकरण के लिए वैध होगा तोह आपको **नवीनीकरण करे** बटन दिखेगा इससे आप अपना पंजीयन नवीनीकरण कर सकेंगे।

स्क्रीन 3





स्क्रीन 3 **मोबाइल नंबर दर्ज** करे फिर **मोबाइल ओ.टी.पी.** भेजें पर क्लिक करें आपके मोबाइल नंबर पर **ओ.टी.पी.** आएगा **ओ.टी.पी.** दर्ज करे फिर **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे**

स्क्रीन 4




स्क्रीन 4 **मोबाइल ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करने के पश्चात, रोजगार इच्छुक अपना **आधार नंबर** दर्ज करे, **आधार अनुसार अपना पूरा नाम**, *आधार प्रमाणीकरण सहमति* दर्ज कर **आधार ओ.टी.पी.** भेजें पर क्लिक करें, आपके आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आपका **आधार ओ.टी.पी.** प्राप्त होगा, **आधार ओ.टी.पी.** को दर्ज करे फिर **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित करे** पर क्लिक करें। **आधार ओ.टी.पी. सत्यापित** होने के पश्चात स्क्रीन 5 पर पंजीयन अपडेट फॉर्म खुलेगा

स्क्रीन 5




स्क्रीन 5 रोजगार इच्छुक उपरोक्त सभी जानकारी दर्ज करे, (*) स्थान अनिवार्य रूप से भरना हैं, जानकारी पूर्ण रूप से भरने व सुनिश्चित करने के पश्चात घोषणापत्र पढ़ कर *सहमति* प्रदान करके सुरक्षित करे पर क्लिक करें।




सुरक्षित करे पर क्लिक करने के पश्चात स्क्रीन पर पंजीयन सफलतापूर्वक सुरक्षित होने का मेसेज जिसमे पंजीयन क्रमांक अथवा रोजगार इच्छुक को अपना यूजर आई डी एवं पासवर्ड एस.एम्.एस. द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगा। रोजगार इच्छुक यूजर आई डी एवं पासवर्ड द्वारा अपना पंजीयन लॉग इन कर देख सकेगा।